हिन्दुस्तान
तरक्की को चाहिए नया नजरिया
मंगलवार, 11 अगस्त 2020, बरेली, पांच प्रदेश, 21 संस्करण, नगर
www.livehindustan.com

PAGE NO. 13 : RIGHT TOP

बीटेक अंतिम वर्ष का मॉडल पेपर जारी

लखनऊ। डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय (एकेटीयू) ने बीटेक अंतिम वर्ष समेत एमबीए, बीफार्मा समेत अन्य पाठ्यक्रमों के छात्रों को सहूलियत देने के लिए एमसीक्यू आधारित मॉडल प्रश्न पत्र सोमवार को जारी कर दिया है। छात्र काफी समय से एमसीक्यू आधारित प्रश्न पत्र को लेकर असमंजस की स्थिति में थे। बीटेक अंतिम वर्ष के छात्रों की परीक्षाएं 2 सितम्बर से होनी हैं। कोरोना संक्रमण के चलते छात्रों की परीक्षा एमसीक्यू पर कराई जा रही है। परीक्षा नियंत्रक प्रो. राजीव कुमार ने बताया कि मॉडल प्रश्न पत्र के साथ छात्रों के लिए जरूरी गाइडलाइन भी जारी की गई है।